सीताराम बोल राधेश्याम बोल

सीताराम सीताराम, सीताराम बोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल ॥

^यह दुनियाँ है, गोरख धंदा,
भेद समझता, कोई-कोई बन्दा ॥
ब्रह्म स्वरुप, तराज़ू तोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^क्यों विषियों में, मन को लगाया,
पालनहार को, दिल से भुलाया ॥
जीवन को मिटटी, में न रोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^भज ले रे मन, कृष्ण मुरारी,
नटवर नागर, कुञ्ज बिहारी ॥
नहीं लगता कछु, तेरा मोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^राम भजन बिन, मुक्ति न होवे,
हीरा जनम तूँ, व्यर्थ ही खोवे ॥
राम रस अमृत, पी ले घोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^लाख़ चौरासी, में भरमाया,
मुश्किल से यह, नर तन पाया ॥
मूर्ख अँधे, नैना खोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^जो चाहे, भव सागर तरना,
मिट जावे, यह जीना मरना ॥
पाप की गठड़ी, सिर से ख़ोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^राधे-कृष्णा, श्याम-बिहारी,
गोपी-जन-वल्लभ, गिरवर-धारी ॥
मोहन नटवर, नागर बोल,

राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^नाम प्रभु का, है सुखकारी,
पाप कटेंगे, शरण में भारी ll
पाप की गठड़ी, दे तूँ ख़ोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^प्राणी है तूँ, भोला-भाला,
माया का है, ख़ेल निराला ll
खुल जाएगी, तेरी पोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

^हरी बिन बीतत, उम्र है सारी,
फिर आएगी, काल की बारी ll
प्रभु-पद तूँ, भज ले अनमोल,
राधे श्याम राधे श्याम, राधे श्याम बोल,,,
सीताराम सीताराम,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25513/title/sitaram-bol-radheshyam-bol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |